मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 316, मुंबई, सोमवार, 12 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI
मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.


## आयोग के फैसले पर ऐसे छलका शरद पवार का दर्द

### जिसने बनाई पार्टी उसी से छीन ली...



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** चुनाव आयोग ने कुछ दिन पहले ही एनसीपी को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया था। आयोग ने अजित गुट को ही एनसीपी का असली हकदार बताया था, जिसके बाद चुनाव आयोग ने पार्टी का नाम और निशान अजित गुट को दे दिया था। आयोग के इस फैसले से चाचा शरद पवार और भतीजे अजित के बीच पड़ी दरार और भी बढ़ गई। शरद पवार ने आयोग के फैसले पर हैरानी भी जताई। इस मामले में उनका बयान सामने आया है। शरद पवार का कहना है कि चुनाव आयोग का फैसला आश्चर्यजनक और चौकाने वाला था। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## नशे के खिलाफ बड़ा एक्शन

### भुवनेश्वर-पुणे एक्सप्रेस से 120 किलो गांजा जब्त, 3 गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुणे कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुणे स्टेशन पर लाखों रुपये का गांजा पकड़ा है। अधिकारियों ने भुवनेश्वर-पुणे एक्सप्रेस से 120 किलो गांजा जब्त किया है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गांजे की कीमत करीब 48 लाख रुपये है। अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि भुवनेश्वर-पुणे एक्सप्रेस से भारी मात्रा में गांजा तस्करी हो रही है।
(शेष पृष्ठ 3 पर)



**आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा है। इस मामले में आगे की जांच जारी है**

## बम से उड़ा देंगे...

### मुंबई में अमेरिकी दूतावास को मिली धमकी, अलर्ट पर पुलिस





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल के जरिए मिली इस धमकी की जानकारी होने पर मुंबई पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। ईमेल भेजने वाले के आईपी एड्रेस की मदद से पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। यह धमकी दो दिन पहले मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स स्थित दूतावास कार्यालय में भेजी गई है। बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स पुलिस के मुताबिक अमेरिका के महावाणिज्य दूतावास की ओर से 9 फरवरी को सूचना दी गई। इसमें बताया गया कि सुबह 3.50 बजे ईमेल आईडी से एक धमकी भरा मेल दूतावास के अधिकृत आईडी पर भेजा गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## समृद्धि महामार्ग पर 24 घंटे में दो बड़े हादसे

### 6 की मौत, कार के उड़े परखच्चे



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के समृद्धि महामार्ग पर भीषण हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। 24 घंटे के भीतर औरंगाबाद और अहमदनगर में हुए अलग-अलग दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। औरंगाबाद में समृद्धि महामार्ग पर उस वक्त भयानक हादसा हो गया जब एक तेज रफ्तार कार अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। (शेष पृष्ठ 3 पर)

***इस हादसे से करीब 24 घंटे पहले अहमदनगर जिले में समृद्धि महामार्ग पर भयानक हादसा हुआ। शुक्रवार रात करीब 11 बजे अहमदनगर के कोपरगांव तालुका के धोत्रे शिवरा में एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार सड़क के किनारे खड़े एक खराब ट्रेलर से टकरा गई। इस भीषण हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो घायल हो गए।***

## हमारी बात

### सीधे सरल, सहज नेता!

**नरेंद्र मोदी** ने अच्छा काम किया। भले भारत रत्न वोट के लिए बांटा हो लेकिन दो सरल चेहरे याद हो आए। मुझे मेरी शुरूआती लुटियन पत्रकारिता ताजा हो गई। कितने गजब थे अस्सी के दशक के वे दिन! कितनी जिंदादिल, जीवंत और सरल थी भारत की राजनीति! लुटियन दिल्ली में मोरारजी, चरण सिंह, नानाजी, जॉर्ज फर्नांडीज, वाजपेयी और इंदिरा गांधी सभी के ठिकाने खुले होते थे। चौधरी चरण सिंह 12 तुगलक रोड की अपनी कोठी में फर्श पर बिछे गद्दों पर बैठे मेल-मुलाकात करते थे। चौपाल लगी होती थी और वेपपलू खेलते थे। जनसत्ता में सियासी खबरनवीसी और गपशप कॉलम की अपनी पहचान में, जब मैं पहली बार चरण सिंह के घर गया तो उन्हें कुर्सी पर नहीं, बल्कि नीचे गद्दी पर बैठा देखा और ताश रखी हुई थी। मैं हैरान हुआ। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री का, बारीक आवाज में, ताश के लिए मुझे पूछना और घर भीड़ में भरा हुआ। सचमुच चरण सिंह का चौपाली मिजाज गजब था। वे पत्रकारों को शहरी, पूंजीवाद हिमायती, ब्राह्मण के आईने में देखते हुए भी उनका मान करते थे। और ऐसा तब सभी तरफ था। मंत्रियों-नेताओं के घरों, प्रदेशों के भवनों में नेताओं, कार्यकताओं के हुजूम में पत्रकारिता मानों अड्डेबाजी। मैं जॉर्ज फर्नांडीज या बिहार भवन में कहीं जब पहली बार कपूर्री ठाकुर से मिला तो वे जॉर्ज फनार्डीज से ज्यादा बेतरतीब कपड़ों में दिखे, पर भले और विनम्र। हैरान था भला यह मुख्यमंत्री रहे! चरण सिंह और कपूर्री ठाकुर दोनों की सादगी, हिंदी प्रेम और जिंदगी जीने का देशज उत्तर भारतीय मिजाज स्वंयस्फूर्त अपनापन बनाता था। वैसे संभव है जनसत्ता की खनक भी वजह हो। मैं लिखता रहा हूं और मेरा मानना है कि भारत की राजनीति और पत्रकारिता का स्वर्ण काल अस्सी-नब्बे के दशक थे। राजनीति में करवट का काल। नेहरू-इंदिरा-राजीव की तीन पीढ़ियों के सौभाग्य में परिवर्तन का समय तो लोहिया के ह्यपिछड़ा पावे सौ में साठह्व से जातिवाद को पंख लगने का समय। साथ ही चेहरों में पीढ़ीगत परिवर्तन का भी वक्त। हां, उन दो दशकों में 1983 में जनसत्ता अखबार निकलने से लेकर 1987 में बोफर्स सौदे के बवाल की अवधि लुटियन दिल्ली में नए नेताओं को उभारने वाली थी। हेमवतीनंदन बहुगुणा, राजनारायण, चरण सिंह, इंदिरा गांधी, जॉर्ज फर्नांडीज, नानाजी-वाजपेयी की जगह अचानक राजीव गांधी, वीरबहादुर, वीपी सिंह, देवीलाल, आडवाणी-गोविंदाचार्य, शरद यादव-लालू-नीतीश जैसे चेहरों की बनती धुरियां। मैं क्योंकि जनसत्ता से पहले भी 1976 से मई 1983 तक लुटियन दिल्ली की सियासी सरगर्मियों पर लिखते हुए कांग्रेस दफ्तर, जंतर मंतर, विंडसर पैलेस, आईएनएस आदि के पार्टी दफ्तरों-पत्रकारी अड्डों को छानता रहा था तो नेताओं के चेहरों, उनके मिजाज और पर्दे के पीछे की राजनीति की किस्सागोई जाने हुए था। तभी नेता, पार्टी और उनके विचार-मिजाज को लेकर मेरे भी आग्रह-पूर्वाग्रह बन चुके थे।


# प्रेम पर्व (वैलेंटाइन डे) के रोचक रीति-रिवाज

**इस** प्रेम पर्व को मनाने के तौर-तरीके और रीति-रिवाज बड़े अनोखे व रोचक रहे है। प्यार के इजहार का प्रतीक माने जाने वाला यह दिन एक ऐसे संत के बलिदान का दिन है जिसने प्यार किया और प्यार करने वालों को बंधन में बांधने का प्रयास किया। ऐसा कहा जाता है कि रोम के शासक क्लोडियस द्वितीय ने अपने शासनकाल में अपने सिपाहियों पर अपनी प्रेमिकाओं से मिलने व शादी करने पर रोक लगा दी थी। तब इस प्रेम पुजारी वैलेंटाइन ने लोगों की छुपकर शादियां करवाई और प्रेम करने वालों को मिलाया। इसी वजह से क्लोडियस ने वैलेंटाइन को 14 फरवरी 269 ई. को मृत्युदंड दे दिया। वैलेंटाइन ने मृत्यु से पहले अपनी दोस्त जो कि जेलर की बेटी थी के नाम एक खत लिखा जिसमें उसमें लिखा- 'फ्रॉम योर वेलेंटाइन।' इसी दिन को प्यार के प्रतीक के दिन में संत वैलेंटाइन के नाम पर वैलेंटाइन डे के नाम से विश्व में मनाया जाने लगा। वैलेंटाइन डे मनाने की परंपरा हमारे देश में भले ही कुछ सालों से हो, लेकिन संसार के कुछ हिस्सों में प्रेमी यह पर्व एक लंबे अरसे से मनाते रहे हैं।

वैलेंटाइन डे के रोचक रीति-रिवाज-

1700 ईस्वी में वैलेंटाइन डे के दिन अंग्रेज अविवाहित युवतियां कागज के टुकड़ों पर कुंवारे लड़कों का नाम लिखती थी और फिर उसे कीचड़ में लपेटकर बाल्टी में रखे पानी में डालती थी या पानी में बहा देती थी। जो नाम सबसे पहले पानी में तैर कर ऊपर आ जाता था वही उस युवती का सच्चा प्रेमी माना जाता था।

18 वीं शताब्दी की शुरूआत में कुछ मित्रों ने एक समूह बनाया था और फिर अपने वैलेंटाइन का नाम अपनी बाहों में लिखवा कर कई हफ्तों तक ऐसे ही रखा था। इन दोस्तों की इस अनोखे रिवाज के कारण इस दिन इस कहावत का चलन



शुरू हुआ - 'अपनी बांह पर अपना दिल रखना।' की बर्षों पूर्व ऐसी मान्यता थी कि अगर वैलेंटाइन डे पर कोई युवती रॉबिन पक्षी को उड़ते देख ले तो उसकी शादी किसी नाविक से होती है। अगर उसे गोल्डफिंच उड़ती दिखती है तो उसकी शादी अमीर व्यक्ति से होती है और गौरैया दिखे तो गरीब व्यक्ति से शादी होती है।

एक अनोखा रिवाज और भी रहा है, जिसमें युवतियां वैलेंटाइन डे से एक दिन पहले रात में अपने तकिए के चारों कोनों व बीच में तेजपत्ता पिन से टांक कर सोती थी। उनका विश्वास था कि ऐसा करने से उन्हें अपने भावी पति के दर्शन सपने में हो जाएंगे।

**इंग्लैंड में-** उस दिन लोग उपहार स्वरूप एक दूसरे को फल और कैंडी देते हैं। विशेष रूप से किसमिस, अजवाइन व बेर वाला केक बनाया जाता है। बच्चे मिलकर वैलेंटाइन डे का गीत गाते हैं।

**जर्मनी में-** वैलेंटाइन डे पर युवतियां गमले में प्याज बोती हैं व प्रत्येक को किसी पुरुष का नाम देकर फायरप्लेस के पास रख देती हैं, जो सबसे पहले अंकुरित होता है वही उसे महिला का सच्चा प्रेमी होता है।

**इटली में -** इस दिन अविवाहित युवतियां खिड़की पर बैठकर अपने भावी जीवन साथी का इंतजार करती है। जिस लड़के पर उनकी नजर सबसे पहले पड़ती है उससे वे एक साल के भीतर शादी भी कर लेती है। इस अनोखे रिवाज का चित्र शेक्सपियर की हेलमेट पुस्तक से भी प्राप्त हुआ था।

**अमेरिका में -** लोग अपने दोस्तों को वैलेंटाइन कार्ड, चॉकलेट्स व गिफ्ट भेजते हैं। इस दिन हर साल तकरीबन चॉकलेट के करोड़ों डिब्बे बिकते हैं। कुछ स्कूलों में इस दिन समारोह भी आयोजित किए जाते है, क्योंकि ऐसा मानना है कि संत वैलेंटाइन बच्चों से बहुत प्यार करते थे।

**डेनमार्क में -** इस प्रेम पर्व के दिन युवक अपनी प्रियतमा को एक विशेष वैलेंटाइन कार्ड भेजता है, जिसे जोकिंग लेटर भी कहा जाता है। इस कार्ड में कोई कविता भी जरूर लिखी होती है लेकिन भेजने वाला प्रेमी अपना नाम नहीं लिखकर उसकी जगह उतनी ही संख्या में बिंदु लगा देता है। अगर लड़की नाम सही पहचान लेती है तो लड़का ईस्टर पर उसे ईस्टर एग उपहार में देता है। वहां वैलेंटाइन डे पर सभी दोस्तों को सफेद रंग के दबे हुए फूल भेजने का भी रिवाज है।

**वेल्स में -** लकड़ी के चम्मचों पर नक्काशी की जाती है और इन्हें ही उपहार में अपने प्रेमी या प्रेमिका को दिया जाता है।

स्कॉटलैंड में - रिबन या कागज से बनी लवर नोट पारंपरिक उपहार है।

**पूजा गुप्ता**
**मिजार्पुर (उत्तर प्रदेश)**

# समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष काशीनाथ सिंह जी के अध्यक्षता मे समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई, राम सुदिष्ट यादव प्रदेश सचिव समाजवादी बिहार

**मुंबई हलचल/ मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** पटना समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विधानपरिषद सदस्य एवं समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मान्यवर काशीनाथ सिंह यादव जी के अध्यक्षता में बिहार समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठित होकर आपस में मधुर विचार-विमर्श कर के संगठन को मजबूत करें। संगठन को मजबूत करने के दौरान अपनी समस्याओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से एक डेलीगेशन मिल कर रखें। उन्होंने कहा मैं तो आप लोगों के बीच एक कार्यकर्ता साथी के रूप में हैं। मैं आप लोगों को माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी से सिर्फ और सिर्फ मिलवाने की भूमिका में रहूंगा। बांकि विचार निर्णय आप लोगों की आपसी सहमति से राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के पास अपनी सांगाठनिक समस्या को रखेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी आप लोगों के पार्टी संगठन के हितों में सही और साफ-सुथरी,




इमानदारी, समर्पण की भावना पर विचार कर सकते हैं।... राम सुदिष्ट यादव निवर्तमान प्रदेश सचिव, समाजवादी बिहार।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# स्कूली बच्चों की नींद होगी पूरी

## कक्षा 4 तक स्कूल सुबह 9 के बाद खोलने का आदेश

**मुंबई।** स्कूल जाने की गहमागहमी में रोजाना छोटे बच्चों और उनके मां-बाप की नींद खराब हो जाती है। सरकार की तरफ से इस मामले में दखल देते हुए एक फरमान जारी किया गया है। इसके तहत राज्य के सभी स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिया गया है कि वे पूर्व प्राथमिक और कक्षा चौथी तक की कक्षाएं सुबह 9 बजे या उसके बाद लगाए। सरकार ने यह निर्णय शिक्षा विशेषज्ञों, अभिभावकों और प्रशासनिक अधिकारियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर लिया है। गुरुवार को जारी स्कूली शिक्षा विभाग के शासनादेश में कहा गया कि राज्य की सभी मीडियम और सभी स्कूल प्रबंधनों को पूर्व प्राथमिक से कक्षा 4 की कक्षाएं सुबह 9 बजे या उसके बाद लगानी होगी। इस निर्देश का पालन कराने की जिम्मेदारी शिक्षा निदेशक को सौंपी गई है। पिछले साल दिसंबर माह में राज्यपाल रमेश बैस ने सुबह के सत्र में स्कूल खुलने का समय बदलने का सुझाव दिया था। इसी के आधार पर सरकार ने फीडबैक मांगा। राज्य के सभी मीडियम के स्कूल विशेष रूप से निजी स्कूल सुबह 7 बजे के बाद खुलते हैं।



आधुनिक जीवन शैली, मनोरंजन के साधन, शहरों में देर रात तक चलने वाले वाहनों का शोर,विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान बजने वाले तेज संगीत की वजह से बच्चे देर रात को सो पाते हैं। वे सुबह जल्दी उठने को भी तैयार नहीं होते। अपर्याप्त नींद बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रभावित करती है। निरंतर आलस्य के कारण उनमें अध्ययन के लिए आवश्यक उत्साह की कमी हो जाती है। माता-पिता को भी सुबह जल्दी उठने और अपने बच्चों को समय पर स्कूल छोड़ने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। गुरुवार को जारी शासनादेश में कहा गया है कि इन सभी मामलों का अध्ययन करने के बाद ही स्कूलों के समय में बदलाव का फैसला लिया गया है। बता दें कि स्कूली शिक्षा विभाग के राजभवन में आयोजित कार्यक्रम मे राज्यपाल रमेश बैस ने स्कूल के समय में बदलाव का सुझाव दिया था, ताकि विद्यार्थी पर्याप्त समय तक सो सकें। उन्होंने कहा था कि लोगों के नींद लेने का समय परिवर्तित हुआ है। राज्यपाल ने कहा था कि इन दिनों बच्चे आधी रात तक जागते हैं और उन्हें स्कूल के लिए जल्दी उठना पड़ता है,जिससे उनकी नींद पूरी नहीं हो पाती है। राज्यपाल के सुझाव के बाद स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने कहा था कि सरकार इस मामले में विशेषज्ञों की समिति नियुक्त करेगी।



## एड. मुजीब पठान के जन्मदिन का कार्यक्रम हुआ सम्पन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एम.जे.कानूनी सहयोगी कार्यालय कुर्ला (पश्चिम) मुंबई 70 मे अयोजित किया गया था एड.मुजीब पठान जी का जन्मदिन मनाय गया केक काट कर और शॉल देकर बधाई दी गई मौजुद रहे। एड.मो.अहमद सर,मो.शोएब खान,डॉ.संतोष एस.अन्नामलिया,सुखबिंदर सिंह (लाला भाई)सतगुरु इंटरप्राइजेज और बहुत से एड और अन्य लोगो ने जन्मदिन की हार्दिक शुभेच्छा दी गई।

## मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के जन्मदिन पर समाज सेवा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**दिनांक** 9 और 10 फरवरी महाराष्ट्र के सब के दिलों में छा जाने वाले मुख्यमंत्री माननीय श्री एकनाथ शिंदे साहेब जी के जन्मदिन के अवसर पर बहुजन समाज के दिल की धड़कन कहे जाने वाले कार्यसम्राट माजी नगर सेवक श्री. एड. संतोष खरात साहेबजी ने मुख्यमंत्रीजी के जन्मदिन के अवसर पर मुंबई में रहने वाले गरीब नागरिकों के लिए, उनकी सुविधा के लिए, महिला बचत गटोसे महिला स्वयंरोजगार आऔर स्वयंसहाय्यता होने के लिए जानकारी दी और आयुष्मान भारत कार्ड आरोग्य सुविधा रु.५ लाख विमा कार्ड के लिए और विश्वकर्म योजना कर्ज लेने के लिए सरकार से युवक युवती को जागरुक कर रहे है और हर आदमा को डोमिसाइल सर्टिफिकेट,रहिवाशी दाखला, नया मतदार नोंदणी,नया इलेक्शन कार्ड बनवाना और उत्पन्न दाखिला ऐसे इन सभी कार्यों को लेकर माजी नगरसेवक संतोष खरातजी ने मुंबई में रहने वाले गरजू




नागरिकों के लिए यह सुविधा का मोफत कैंप बड़े धूमधाम से लगाए और सभी नागरिकों ने इस अवसर का लाभ लिया। कड़क न्यूज के को संपादक श्री योग गुरु राधेश्याम कार्यक्रम में आकर पूरी तरह से कार्यक्रम की रूपरेखा अच्छी और उन्होंने माजि नगरसेवक एड. संतोष खरतजी से बातचीत की और पूरी कार्यक्रम की जानकारी ली उनका यह स्टेटमेंट उनकी जुबानी उन्होंने बताया कि हम जब से मुख्यमंत्री जी ने यह हमको जिम्मेदारी दी है तब से आज तक मैं नागरिकों के लिए उनके हर कार्य के लिए जमीन पर उतारकर काम करता हूं, हर एक नागरिकों के घरों में जाकर उनकी सहायता में क्या क्या कर सकता हु,ऐसे भावना से काम करता हं, उसकी में हरदम जानकारी लेता रहता हूं, जिसके कारण मैं वरळी विधानसभा के सभी नागरिकों के हित में काम करता हूं और एड.संतोष खरातजी ने यह भी बताया आने वाले सभी सुविधा में नागरिकों के लिए पहले से ही तैयार करके रखता हूं नागरिकों की एक-एक सुविधा के बारे में जानकारी रखता हूं और उन्हें देता हूं मैं नगर सेवक होने के नाते मेरा यह दायित्व बनता है कि मैं नागरिकों की सेवा करने में कोई कमी ना रह जाए मेरे से योग गुरु राधेश्याम ने पूरी तरह से कार्यक्रम की जानकारी ली और कार्यक्रम में आए सभी पदाधिकारी से बातचीत की कार्यक्रम बहुत ही शुरू से लास्ट तक अच्छा चल और इस कार्यक्रम से लोगों को आगे भी लाभ मिल सकता है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### नशे के खिलाफ बड़ा एक्शन

संदिग्ध आरोपी सोलापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने वाले थे और तदनुसार नारकोटिक्स सेल, पुणे सीमा शुल्क के अधिकारियों की एक टीम को सोलापुर रेलवे स्टेशन पर निगरानी के लिए भेजा गया। इस दौरान तीन संदिग्धों की पहचान की गई। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जब इन तीनों के सामान की गहनता से जांच की गई तो 120 किलो गांजा मिला। तीनों आरोपियों ने गुनाह कबूल कर लिया है। इसके मुताबिक 48 लाख रुपये कीमत का 120 किलो गांजा जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा है। इस मामले में आगे की जांच जारी है। पकड़े गए आरोपियों में एक की पहचान कुणाल डोरा के तौर पर हुई है। ओडिशा निवासी कुणाल को इस गिरोह का सरगना माना जा रहा है। पुलिस मामले छानबीन कर गिरोह में शामिल अन्य की पहचान कर रही है। कुछ दिन पहले पिंपरी-चिंचवड में एंबुलेंस के जरिए गांजे की तस्करी करने का खुलासा हुआ। इस गिरोह का भंडाफोड़ एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने किया था। पुलिस ने शहर में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर 1 करोड़ 31 लाख रुपये कीमत का 96 किलो गांजा बरामद किया था।

### आयोग के फैसले पर ऐसे छलका शरद पवार का दर्द

उन्होंने कहा जिसने पार्टी बनाई जो पार्टी का संस्थापक था आयोग ने उसी से पार्टी छीन ली और उसे दूसरों को सौंप दिया। पवार ने कहा कि इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। उन्होंने ये भी बताया कि इस फैसले के खिलाफ उनके गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। पवार की इन बातों से पार्टी छिन जाने का दर्द साफ झलक रहा है। शरद पवार ने कहा कि किसी भी पार्टी की विचारधारा बेहद अहम होती है। उसी विचारधारा से लोग पार्टी से जुड़ते हैं। पवार ने कहा कि उन्हें यकीन है कि जनता भी चुनाव आयोग के फैसले का समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने न सिर्फ हमारा चुनाव चिन्ह छीना बल्कि हमारी पार्टी को भी छीनकर दूसरों को थमा दिया। आपको बता दें कि चुनाव आयोग ने एनसीपी का नाम और उसका चुनाव चिन्ह घड़ी आधिकारिक रूप से अजित पवार गुट को दे दी है। इस मामले में 10 बार सुनवाई की गई जिसका बाद आयोग ने ये फैसला सुनाया। आयोग के फैसले पर अजित गुट ने जहां खुशी जताई थी वहीं शरद गुट में मायूसी छाई रही। आयोग के फैसले के बाद शरद पवार ने सुप्रीम कोर्ट में जाने का फैसला किया था।

### बम से उड़ा देंगे...

इसमें भेजने वाले ने खुद को अमेरिका का भगोड़ा बताते हुए दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी दी है। यही नहीं, आरोपी ने अमेरिकी कॉन्सुलेट को भी उड़ाने की धमकी दी है। इस ईमेल में बड़े पैमाने पर अमेरिकी नागरिकों के मारे जाने की बात कही गई है। पुलिस ने बताया कि अभी तक ईमेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। ऐसे में पुलिस जिस कंप्यूटर से यह धमकी भेजी गई है, उसका आईपी एड्रेस निकालकर आरोपी की पहचान का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। बता दें कि इस तरह से पहले भी कई बार देश के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों को मिल चुके हैं। पुलिस के मुताबिक अब तक जल्दातर धमकी भरे ईमेल सिरफिरे लोगों ने किया है। इस हरकत के पीछे भी किसी सिरफिरे का हाथ होने की आशंका है। बावजूद इसके पुलिस किसी तरह का रिस्क नहीं ले सकती। इसलिए पुलिस ने हर संभव तरीके से मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पहले तो यह देखा जा रहा है कि जिस कंप्यूटर से यह धमकी भरा मेल भेजा गया है, वह भारत में ही कहीं है या फिर विदेश में बैठकर इस तरह की हरकत को अंजाम दिया गया है। इसके लिए पुलिस उस सिस्टम का डायवर्जन भी चेक कर रही है।

### समृद्धि महामार्ग पर 24 घंटे में दो बड़े हादसे

हादसा शनिवार रात करीब 12 बजे मुंबई लेन पर अब्दीमंडी गांव के पास हुआ। शिवाजी थोरात (उम्र 58 वर्ष) और राहुल आनंद निकम (उम्र 47 वर्ष), अन्ना रामराव मालोदे (उम्र 71 वर्ष) की इस दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात सभी छत्रपति संभाजीनगर से कार से नासिक रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे। संभाजीनगर से निकलने के बाद मुंबई लेन पर अब्दीमंडी गांव के पास मुरमुरा फैक्ट्री के करीब समृद्धि हाईवे पर तेज रफ्तार कार पीछे से एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। इसमें कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। उधर, भीषण हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। मृतकों को घाटी अस्पताल ले जाया गया। कार से टकराने वाला वाहन मौके से फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इस हादसे से करीब 24 घंटे पहले अहमदनगर जिले में समृद्धि महामार्ग पर भयानक हादसा हुआ। शुक्रवार रात करीब 11 बजे अहमदनगर के कोपरगांव तालुका के धोत्रे शिवरा में एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार सड़क के किनारे खड़े एक खराब ट्रेलर से टकरा गई। इस भीषण हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो घायल हो गए। घायलों का छत्रपति संभाजीनगर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए कोपरगांव ग्रामीण अस्पताल भेजा गया है। तीन दिन पहले इसी इलाके में एक हादसे में कल्याण के दो युवकों की मौत हो गई थी। हादसे में मरने वालों के नाम राहुल राजभोज, उमेश उगले, भाऊसाहेब पैठणे हैं।

## किंगमेकर बनने में जुटे खान, नवाज-बिलावल को विकल्प की तलाश

**पाक चुनाव: सरकार बनाने को लेकर तीन दलों के बीच हो रही कुश्ती**

# जेल से इमरान ने बिना बल्ले के खेला खेल, कुर्सी के करीब पहुंचे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

- ◆मुल्क में सरकार गठन को लेकर सियासी खींचतान शुरू
- ◆पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन रही
- ◆सत्ता की कुर्सी पर पहुंचने में सेना का अहम रोल
- ◆धांधली को लेकर कोर्ट पहुंचे पीटीआई नेता

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए 8 फरवरी को वोटिंग हुई थी। आज वोटों की गिनती खत्म हुई और लंबे इंतजार के बाद आखिरकार चुनाव आयोग ने नतीजे घोषित कर दिए हैं। खास बात यह है कि किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिल सका है। 100 से ज्यादा सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों को जीत मिली है, जिनमें से बड़ी संख्या पीटीआई यानी पूर्व पीएम इमरान खान के समर्थकों की बताई जा रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि मुल्क में सरकार का गठन कैसे होगा।

■ फाइनल नतीजों में सभी बहुमत से दूर

*पाकिस्तान में आम चुनाव के नतीजे आ गए हैं लेकिन किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। हालांकि इमरान खान समर्थक किंग मेकर साबित हो सकते हैं।*



### सत्ता पाने इमरान के पास यह चुनौती

पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन रही है। ऐसे में निर्दलीयों की अहम भूमिका हो सकती है। पूर्व पीएम इमरान खान सभी निर्दलीय विजेता प्रत्याशियों को एकजुट कर अपने पाले की कोशिश करने में जुटे हुए हैं। बहुमत का आंकड़ा पाने के लिए 133 सीटें चाहिए। कुल निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या भी 101 ही हैं। ऐसे में इमरान खान के लिए चुनौती भी यही है कि आखिर वे अन्य 32 उम्मीदवार कहां से लाएंगे क्या वे बिलावल भुट्टो से समर्थन लेंगे य फिर नवाज शरीफ का रुख करेंगे। इसके अलावा उनके सामने चुनौती ये भी है कि वे अपने समर्थक विजेता नेताओं को बचाकर रखें, वरना उनका कुनबा कमजोर हो सकता है।

### वेबसाइट पर धांधली के सबूत! प्रदर्शन

*पीटीआई ने चुनाव में हुई धांधली के सबूत और फॉर्म 45 पार्टी की वेबसाइट पर अपलोड किए हैं। इसके बाद कार्यकारी सरकार ने इस वेबसाइट पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब पीटीआई ने अदालत का रुख किया है। विरोध प्रदर्शन करने पर पुलिस ने 300 पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है।*



### इमरान को पीएम बनता नहीं देखना चाहते नवाज-बिलावल

दूसरी ओर पाकिस्तान में पूर्व पीएम नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टों जरदारी के बीच सरकार गठन को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। दोनों की बहुमत के आंकड़े से 6 सीट कम रहेंगी। ऐसे में भी उन्हें निर्दलीय उम्मीदवारों की आवश्यकता पड़ेगी। ऐसे में दोनों पार्टियां निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने साथ लाने की प्लानिंग कर रहे हैं क्योंकि दोनों ही नेता किसी भी कीमत पर इमरान खान को फिर से पीएम नहीं बनने देना चाहते हैं।

### 170 सीट जीतने का दावा

पीटीआई प्रमुख गौहर अली खान ने कहा कि उनकी पार्टी ने 170 सीट जीती हैं और इनमें वे सीट भी हैं, जिन पर पीटीआई को पहले ही विजेता घोषित किया गया था। पीटीआई के पास मतदान केंद्रों के फॉर्म 45 का प्रमाण है, जिससे पता चलता है कि पार्टी समर्थित उम्मीदवार जीत गए थे, लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें असफल घोषित कर दिया।

### सत्ता का आंकलन ऐसे उलझा?

चुनाव आयोग द्वारा घोषित नतीजों की बात करें तो इसमें पीटीआई समर्थित जीते हुए प्रत्याशियों की संख्या 101 के करीब बताई जा रही है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर 3 बार के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज रही। इसके हिस्से में 75 सीटें आई हैं। वहीं बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के खाते में 54 सीटें ही आई हैं। इसके अलावा कराची की मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान को 17 सीटें मिलीं है।



## ओवन में रखकर नवजात को सो गई मां, जलकर मौत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका से हैरान करने वाली एक खबर सामने आई है। मिजूरी में एक मां ने अपने बच्चे को सुलाने के लिए उसे पालने के बजाय गलती से 'ओवन' में रख गिया और उसे काफी समय तक देखना भूल गई। इससे उस नवजात बच्चे की जलने से मौत हो गई। ओवन का इस्तेमाल खाना बनाने या गर्म करने के लिए किया जाता है। कंसास सिटी की मारियाह थॉमस पर अपने बच्चे को खतरे में डालने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस को शुक्रवार दोपहर को एक शिशु के सांस नहीं लेने की जानकारी मिली थी। अदालती बयान में कहा गया है कि बच्चे के शरीर पर जलने के निशान थे और उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### बच्चे को गलती से पालने के बजाय ओवन में रखा

अधिकारियों को एक गवाह ने बताया कि मां ने बच्चे को सुलाने के लिए पालने के बजाय गलती से ओवन में रख दिया। बयान में यह नहीं बताया गया कि इस प्रकार की गलती कैसे हुई। जैक्सन काउंटी में अभियोजन पक्ष के वकील जीन पीटर्स बेकर ने एक बयान में कहा कि यह काफी त्रासदीपूर्ण घटना है और हम एक अनमोल जीवन के खोने से दुखी हैं। हमें भरोसा है कि आपराधिक न्याय प्रणाली इस भयानक घटना को लेकर उचित कार्रवाई करेगी।

## अमेरिका ने बनाया रिकॉर्ड

# ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट से दागी बैलिस्टिक मिसाइल



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिका ने ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट से बैलिस्टिक मिसाइल को फायर कर इतिहास रच दिया है। अमेरिकी मिसाइल डिफेंस एजेंसी ने इस घटना का बाकायदा वीडियो जारी किया है। अभी तक किसी दूसरे देश ने ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल हमले के लिए नहीं किया है। किसी ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट से भारी-भरकम बैलिस्टिक मिसाइल को लॉन्च करना आसान नहीं होता है। ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को सामान और कभी कभी यात्रियों के परिवहन के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। अमेरिकी मिसाइल डिफेंस एजेंसी ने जो वीडियो जारी किया है, उसमें वायु सेना के एक सी-17ए ग्लोबमास्टर III एयरलिफ्टर के कार्गो बे से एक सरोगेट बैलिस्टिक मिसाइल के पूर्ण प्रक्षेपण चक्र को दिखाया गया है।

### हवाई तट में किया गया परीक्षण

पेंटागन ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल का यह प्रक्षेपण हवाई के तट पर किया गया है। यह मिसाइल डिफेंस परीक्षण का एक हिस्सा था, जिसका नाम स्टेलर सिसिफस रखा गया था। मिसाइल डिफेंस एजेंसी (एमडीए), अमेरिकी नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों ने एक साथ मिलकर स्टेलर सिसिफस नाम के इस परीक्षण को अंजाम दिया। इस परीक्षण में अमेरिकी नौसेना के अर्ले बर्क क्लास के विध्वंसक पोत यूएसएस मैककैंपबेल और यूएसएस जैक एच. लुकास के साथ एजिस एशोर मिसाइल डिफेंस टेस्ट कॉम्प्लेक्स और एडवांस्ड रडार डेवलपमेंट इवैल्यूएशन लेबोरेटरी ने भी हिस्सा लिया।

### वीडियो में क्या नजर आया?

वीडियो में एक नकली मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल को ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट से लॉन्च करते हुए दिखाया गया है। इस परीक्षण के लिए सरोगेट मिसाइल को बिना वॉरहेड के तैयार किया गया था। इस मिसाइल की रेंज 1,000 से 3,000 किमी के बीच बताई जा रही है। मिसाइल को एक स्पेशल पैलेट से जोड़ा गया था, जिसे तीन बड़े पैराशूट की मदद से जहाज से नीचे गिराया गया।






## 10 साल के बच्चे ने मात्र 15 महीने में कुरान हिफ़्ज (कंठस्त, याद) कर रचा इतिहास!

**मुंबई हलचल/सैय्यद अलताफ हुसैन**



**बीकानेर।** बीकानेर के रोशनी घर चौराहा स्थित मदरसा जामिया सबीलुस्सलाम के 10 वर्षीय होनहार छात्र सैय्यद अब्दुल्ला ने मात्र 15 महीने की अवधि में कुरान पूरा कुरान हिफ़्ज याद किया है जो की तलबा(छात्र)की असाधारण प्रतिभा व काबिलियत को दशार्ता है। मदरसा संचालन मौलाना आरिफ साहब और हाफिज सलाम ने बताया की फूल टाइम पढ़ने वाले छात्र सामान्य छात्र को पूरा कुरान हिफ़्ज करने में 4 से 5 वर्ष लगते हैं!जब की अब्दुल्ला ने इंग्लिश मीडियम स्कूल के साथ पार्ट टाइम पढ़कर भी मात्र 15 महीनें की अवधि ने पूरा कुरान हिफ़्ज याद कर लिया! जो की अकल्पनीय एवं अविश्वसनीय है! अब्दुल्ला की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर परिवार एवं मदरसा में उत्साह का माहौल है एवं शुभचिंतकों व परिचितों की और से छात्र एवं उनके टीचर (उस्ताद) हाफिज मोहम्मद आरिफ सा०को और अब्दुल्ला के वालिद(अब्दुल्ला खालिद सा०)को बधाइयाँ दी जा रही है। इसके साथ ही छः और बच्चों ने कुरान हिफ़्ज(याद)किया है।छात्रों की इस अविश्वसनीय प्रतिभा के सम्मान में 8 फरवरी गुरुवार को मदरसा जामिया सबीलुस्सलाम में दस्तारबंदी(सम्मान) का प्रोग्राम रखा गया था।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी व राजस्थान के मुख्यमंत्री शर्मा उदयपुर में आज

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान/उदयपुर।** भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा सोमवार 12 फरवरी को उदयपुर की यात्रा पर रहेंगे। वे यहां दोपहर 12.30 बजे उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट के पास स्थित रूपी रिसोर्ट मैदान में आयोजित सड़क लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर 2500 करोड़ से अधिक के निवेश से 17 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। इसके बाद भटेवर स्थित सर पदमपत सिंघानिया यूनिवर्सिटी में आयोजित आमसभा को



संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में सड़क परिवहन के केन्द्रीय राज्यमंत्री सेवानिवृत जनरल वी.के.सिंह, केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, राज्यमंत्री गौतम कुमार व संजय कुमार, सांसद अर्जुनलाल मीणा, सी.पी.जोशी, दुष्यंत सिंह, रंजीता कोली, सुखबीर सिंह जौनापुरिया, सुभाष चन्द्र बहेड़िया व देवजी मा. पटेल, विधायक उदयलाल डांगी, राम सहाय वर्मा, डॉ. सुभाष गर्ग, दीपचंद खैरिया, रतन देवासी, प्रताप सिंह सिंघवी, पुष्कर लाल डांगी, जीवाराम चौधरी, चंद्रभान सिंह चौहान, अर्जुनलाल जीनगर, दीप्ति किरण माहेश्वरी, रमेश खींची, हरी सिंह रावत, शंकर सिंह रावत, जब्बर सिंह सांखला, डॉ. प्रियंका चौधरी, रविन्द्र सिंह भाटी व उदयलाल भडाणा सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार मदन चौधरी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।

## सऊदी अरब के आसमान में भारत के राफेल और पाक-जेएफ 17 की 'जंग'




**जेएफ की तारीफ करते नहीं थकता पाक**




**एजेंसी-रियाद।** सऊदी अरब में राफेल और जेएफ-17 की जंग देखने को मिलेगी। इसके लिए दोनों ही लड़ाकू विमान सऊदी अरब पहुंच चुके हैं। ब्रिटिश यूरोफाइटर टाइफून भी किंग अब्दुलअजीज एयर बेस पर मौजूद है। सऊदी अरब इस साल स्पीयर्स ऑफ विक्ट्री युद्धाभ्यास का आयोजन कर रहा है। इस युद्धाभ्यास में बहरीन, ओमान, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, ग्रीस, पाकिस्तान और कतर की वायु सेनाएं शामिल हो रही हैं। स्पीयर्स ऑफ विक्ट्री युद्धाभ्यास 18 फरवरी को खत्म होगा। यह एक बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम है।

## हूती के ठिकानों पर बमबारी, 17 की मौत

**सना।** संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन की ओर की गई एयर स्ट्राइक में 17 हूती लड़ाके मारे गए हैं। हूती आधिकारिक मीडिया ने बताया कि अमेरिकी-ब्रिटिश बमबारी के बाद शहीद हुए हूती लड़ाकों को सना में दफनाया गया। मरने वालों की सूची जल्द ही जारी की जाएगी। हजारों की तादाद में यमनी लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए और फिलिस्तीन के समर्थन में, जबकि अमेरिका और इजराइल के विरोध में नारे लगाए।

## कानपुर में मशहूर मॉडल पूनम पांडे के खिलाफ 100 करोड़ की मानहानि का मुकदमा

**कानपुर।** यहां मशहूर मॉडल पूनम पांडे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिसपर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने इंस्पेक्टर फीलखाना को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। उनके खिलाफ यह मुकदमा मुंबई से आए सोशल मीडिया के फैजान अंसारी ने दर्ज कराया है। दर असल मुंबई की प्रसिद्ध एक्टर पूनम पांडेय मूलरूप से कानपुर की ही रहने वाली हैं। इसीलिए उनके खिलाफ यह रिपोर्ट कानपुर में दर्ज कराई गई। पूनम पर आरोप है कि उन्होंने मशहूर होने के लिए मौत की झूठी अफवाह फैलाई थी। जिसके बाद मुंबई से लेकर कानपुर तक हड़कंप मच गया था। फैजान अंसारी के मुताबिक इससे देश की करोड़ों महिलाओं की भावनाओं को आहत पहुंचाने का काम मॉडल पूनम पांडे ने किया है।

## उत्तराखंड हलचल

# हल्द्वानी हिंसक घटना की उच्च स्तरीय जांच हो- मोहम्मद शहजाद

### उत्तराखंड प्रदेश कार्यालय पर लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद व बसपा पदाधिकारीयो ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

हरिद्वार। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें लक्सर बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद सहित प्रदेश व जनपद के पदाधिकारियों भी शामिल हुए। इस बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि बीते दिनों 08 फरवरी 2024 को हल्द्वानी जनपद नैनीताल में धार्मिक स्थल को लेकर जो निंदनीय घटना घटी है। जिसमें कई व्यक्तियों की जान चली गई है और सैकड़ो लोग घायल होने के साथ-साथ सरकारी सम्पत्ति को भी नुकसान हुआ है। जिसका संज्ञान लेकर कु० मायावती पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी ने भी गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि उत्तराखण्ड सरकार समय रहते सतर्क रहती तो इस घटना को रोका जा सकता था मगर ऐसा नही हुआ है। उन्होंने इस पर मांग करते हुए कहा कि इस हिंसक घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और अमन चैन कायम करने की कार्यवाही भी की जाए। जिससे निर्दोष व्यक्तियों को न्याय मिल सके व भारत के संविधान पर सभी का विश्वास कायम रहे। वही जिसको लेकर आज उत्तराखंड प्रदेश कार्यालय पर लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद व बसपा पदाधिकारीयो ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के पदेन मा० न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित कमेटी से निष्पक्ष जांच कराने की प्रार्थना की है।




# लोन माफ कराने के लिए पति ने कर दी पत्नी की हत्या

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**मंगलौर हरिद्वार।** हरिद्वार की मंगलौर कोतवाली पुलिस ने एक सनसनीखेज घटना का खुलासा किया है। मंगलौर पुलिस ने टीवी सीरियल 'सीआईडी' को देखकर हत्या की योजना बनाने वाले और फिर अपनी पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी पति ने पत्नी को नहर में धक्का देकर मौत के घाट उतारा। आरोपी पति ने पत्नी के नाम पर लिए गए 44 लाख रुपए के लोन को माफ कराने पत्नी की हत्या की साजिश रची थी। घटना के मुताबिक, डायल 112 के माध्यम से 7 फरवरी की रात को कोतवाली मंगलौर को सूचना मिली थी कि नहर पटरी नसीरपुर में एक महिला नहर में डूब गई है। जबकि एक व्यक्ति डूबने से बच गया है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कुछ घंटों को बाद पुलिस ने महिला का शव नहर से बरामद किया। शक के आधार पर दर्ज कराया मुकदमाः उधर 8 फरवरी को घटना को संदिग्ध मानते हुए मृतका मनीषा के पिता ने अपने दामाद अतेंद्र के खिलाफ साजिश के तहत हत्या करने की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। वहीं मामले का संज्ञान लेते हुए हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल द्वारा मामले की गहरी पड़ताल करते हुए हकीकत सामने लाने के निर्देश दिए गए। लोन माफ कराने के लिए की हत्याः पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि मृतका के नाम पर 44 लाख रुपए का बैंक लोन है। मृतका का पति अतेंद्र ज्वालापुर में आटा चक्की उद्योग का कार्य करता है। इस कार्य के लिए पति अतेंद्र ने मृतका के नाम पर 44 लाख रुपए का लोन लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि अतेंद्र का बैंक में कार्यरत महिला के साथ अवैध संबंध भी हैं।

# जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद राशिद खान ने किया दरियापुर दयालपुर में फीता काट कर सड़क का उदघाटन

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**भगवानपुर हरिद्वार।** हरिद्वार जनपद के वार्ड संख्या 21 दरियापुर दयालपुर भगवानपुर ब्लाक के अन्तर्गत दरियापुर दयालपुर में कच्चे मार्ग पर एंटरलोकिंग सड़क का उद्घाटन वार्ड के जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद राशिद खान एवं दरियापुर दयालपुर के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सादीक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

वार्ड संख्या 21 के ग्राम दरियापुर दयालपुर में कच्चे मार्ग का इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन करने पहुंचे वार्ड के जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद राशिद खान का पहले तो सभी ग्रामीणों ने पारंपरिक तौर पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद राशिद खान ने बताया है कि यह सड़क बहुत ही दयिनी स्थिति में थी जिसकी



वजह से ग्रामीणों को खेत खलियानो और मुख्य मार्गों पर आने जाने के लिए बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए आज इस सड़क का शिलान्यास किया जा रहा है। यह सड़क जिला पंचायत कोटे से लगभग 10 लाख रुपए की लागत से इसका निर्माण कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दरियापुर दयालपुर के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सादिक ने बताया है कि अब से पहले भी हमारे जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद राशिद खान जी ने बहुत सारी सड़कों का निर्माण करवाया है और यह हमेशा जन मानस की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों पर ध्यान देते हैं। मोहम्मद राशिद खान जी ने जिला पंचायत कोटे से अब तक लगभग 18 सड़के बनवा दी हैं और लगभग 28 सड़के वह पास करवा चुके हैं जिनका जल्दी निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस मौके पर, सादिक प्रधान, सुरेंद्र कुमार,पूर्व प्रधान धुली, दिलशाद, इरफान अल्वी, फरजान, कय्यूम, अब्दुल, आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# नियाज बनने वाली दुकानों के सम्बंध निकाली गई टेंडर प्रक्रिया को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियो और दुकान स्वामियों ने दरगाह के खिलाफ फिर खोला मोर्चा



**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**पिरान कलियर हरिद्वार।** नियाज बनने वाली दुकानों के सम्बंध निकाली गई टेंडर प्रक्रिया को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियो और दुकान स्वामियों ने दरगाह कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर दरगाह प्रबंधक को पत्र देकर टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है।दरगाह प्रबंधक के आश्वासन के बाद दुकानदारों ने धरना समाप्त कर दिया है। पिरान कलियर विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है।यहा पर देश-विदेश से लाखों जायरीन आकर अपनी मन्नत मुरादे मांगते हैं। और गरीबों को नियाज लंगर बनाकर (तकसीम ) बाटते है।जिसके लिए अलग अलग स्थनों पर लोगो ने नियाज बनाने के लिए दुकानें बनाई हुई है।रविवार को दरगाह प्रशासन की ओर से अखबारों में एक विज्ञप्ति जारी की गई है।जिसमे बताया गया है कि नियाज बनने वाली दुकानों को तहबाजारी की तरह ठेका छोड़ा जायगा।जिसके बाद जनप्रतिनिधियों और दुकान स्वामियों ने दरगाह कार्यलय पर पहुचकर धरना शुरू कर दिया और दरगाह प्रबंधक को पत्र देकर बताया कि दरगाह कार्यालय की ओर से जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति को निरस्त कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि नियाज बनाने वाली दुकानों से हजारों लोगों के पालन पोषण पर प्रभाव पड़ेगा। अगर यह ठेका किया जाता है तो ठेकेदार उन पर तानाशाही करेंगे ओर दुकानदार के पालन पोषण करने में परेशानी होगी। उन्होंने इस प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। मांग करने वालों में चेयरमैन प्रतिनिधि शफक्कत अली, सभासद नाजिम त्यागी, इस्तकार प्रधान,प्रवेज मलिक,भूरा गोल्डन,खालिद साबरी,अकरम साबरी डॉक्टर शहजाद,नोमी मियां समेत सकेडो दुकानदार मौजूद रहे।

# दूधियों ओर राहगीरों के साथ लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पथरी पुलिस ने भेजा जेल

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**पथरी हरिद्वार।** पथरी पुलिस ने आज दूधियों के साथ हो रही सिलसिलेवार लूट का पर्दा फास करते हुए, चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आपको बतादें की लक्सर कोतवाली व पथरी थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से अज्ञात बदमाशों द्वारा दूध बेचने वाले दूधियों व अकेले जा रहे राहगीरों को निशाना बनाकर उनसे नगदी मोबाइल आदि की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। वही इस सम्बंध में कुछ दिन पूर्व भी लक्सर कोतवाली क्षेत्र के गांव झिबंरहेडी निवासी मुकेश कुमार ने अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना को अंजाम देने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके चलते घटनाओं का खुलासा करने व आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पथरी थाना अध्यक्ष रवींद्र कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम को गठितकिया गया था। जिसमें गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए पथरी क्षेत्रांतर्गत लूट की कई घटनाओ को अंजाम देने वाले चार आरोपी अनस, अरशद, जुनैद व मुस्तकीम को सुभाषगढ़ तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीन बाइक, अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस, लोहे की रॉड, तीन मोबाइल व 12000 नगदी को बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह घटना को अंजाम देने के लिए एक ही बाइक पर आते थे और सुनसान वाले इलाके में दूध बेचने वालों व अकेले जाने वाले राहगीरों के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सिनेड्रीम्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की घोषणा

## मेहुल कुमार, डॉ योगेश लखानी, श्याम सिंघानिया व आयोजक अयूब खान रहे उपस्थित




















**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**फाउंडर** और आयोजक अयूब खान द्वारा आज मुम्बई के पीवीआर आइकॉन थिएटर में सिनेड्रीम्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की ऑफिशियल घोषणा की गई। इस अवसर पर फाउंडर व आयोजक अयूब खान, सय्यद अहमद, निमार्ता निर्देशक मेहुल कुमार, ब्राइट आउटडोर मीडिया के डॉ योगेश लखानी, श्याम सिंघानिया, निर्देशक जय प्रकाश, अमित खान राइटर, पराग चापेकर सहित कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं। इस फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक और ऑर्गनाइजर अयूब खान हैं, उनके साथ सय्यद अहमद भी जुड़े हुए हैं। ये बिल्कुल नए ढंग का और काफी अलग किस्म का फेस्टिवल है जिसमें फिल्म कंपटीशन के लिए हर भाषा, हर अवधि की फिल्मों की एंट्री की जाएगी और विनर को सर्टिफिकेट के साथ कैश प्राइज भी दिया जाएगा। सबसे खास बात यह है कि इस फिल्म फेस्टिवल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में पहलाज निहलानी, श्याम सिंघानिया, गीतकार समीर अंजान, रईस अहमद, जरीना वहाब, कौसर खालिद जैसे बड़े नाम शामिल हैं। वहीं इस फेस्टिवल के ज्यूरी सदस्यों में मेहुल कुमार, कोमल नाहटा, संजय मासुम, जितेंद्र वत्स, सुभाष साहू ,पराग चापेकर, राजीव वर्मा, सतलज धीर, सैकत दास, तुषार थोरात , के एस adiyaman, सीमा पहवा, अतुल मोहन और अनिल दुबे का नाम उल्लेखनीय है। आज ही इस फिल्म फेस्टिवल की वेबसाइट भी लॉन्च की गई। फिल्म जगत में पिछले 4 दशकों से निर्माता निर्देशक लेखक और डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में काम कर रहे अयूब खान ने कहा कि इस अनूठे फिल्म फेस्टिवल का आयोजन मुम्बई के जुहू पीवीआर सिनेमा में 28 और 29 मई 2024 को होगा और 30 मई को अवार्ड दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वह बचपन से फिल्मों के शौकीन रहे हैं और फिल्म को ही वह अपना सब कुछ मानते हैं। फिल्म और फिल्म मेकर के प्रति इसी प्रेम की वजह से वह इस फिल्म महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं जहां अच्छी फिल्मो और उनसे जुड़े अदाकारों, निर्देशक, निर्माता, टेक्नीशियन को सराहेंगे। इस फिल्म फेस्टिवल से पैसा कमाना उनका उद्देश्य नहीं बल्कि बेहतर सिनेमा को दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं, उन्हें बनाने वालों का सम्मान करना चाहते हैं। यहाँ आए सभी अतिथियों मेहुल कुमार, योगेश लखानी और श्याम सिंघानिया ने अयूब खान के विजन की प्रशंसा की और अपना पूरा सपोर्ट इस फेस्टिवल को देने का वादा किया। सभी गेस्ट्स ने अय्यूब खान को इस आयोजन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। एक्ट्रेस और इन्फ्लुएंसर एकता जैन ने इस लांच इवेंट की एंकरिंग की।





दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


# शकुन बत्रा की फिल्म में यह रोल निभाएंगी दीपिका पादुकोण



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। इसमें से एक शकुन बत्रा की फिल्म भी है। इस फिल्म में दीपिका एक खास भूमिका निभाने वाली हैं। हालांकि, इस फिल्म में उनके रोल को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली थी। अब जो खबर सामने आई है, उससे बेशक इसे लेकर दीपिका के फैंस की उत्सुकता और बढ़ जाएगी। दरअसल, दीपिका फिल्म में एक फिटनेस ट्रेनर का किरदार निभाने जा रही हैं। फिल्म एक सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर की लाइफ पर आधारित है। पिछले साल निर्देशक शकुन बत्रा ने दीपिका पादुकोण, अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और धैर्य कारवा के साथ अपनी नई फिल्म का ऐलान किया था। हालांकि, उनकी इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। खबरों के मुताबिक इस फिल्म में दीपिका एक फिटनेस इंस्ट्रक्टर की भूमिका निभाने वाली हैं। इस रिलेशनशिप ड्रामा फिल्म की कहानी एक सेलेब्रिटी फिटनेस ट्रेनर के इर्द-गिर्द घूमती है। खास बात यह है कि इस फिल्म में दीपिका, अनन्या की बहन बनी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म में दीपिका ना सिर्फ सिद्धार्थ, बल्कि धैर्य के साथ भी इश्क फरमाती दिखेंगी। यह फिल्म एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर पर आधारित है। फिल्म की कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब शादीशुदा दीपिका की नजदीकियां अपनी छोटी बहन के पार्टनर धैर्य के साथ बढ़ने लगती हैं। इस फिल्म में रोमांस से लेकर इमोशन सब कुछ देखने को मिलेगा। शकुन अपनी इस फिल्म को एक अलग ही अंदाज में पेश करने वाले हैं। दीपिका ने एक इंटरव्यू में कहा था, मैं शकुन जैसे शानदार निर्देशक के साथ काम कर बेहद खुश हूं।

# .....कार्तिक आर्यन के हाथ से गई यह सुपरहीरो फिल्म

कार्तिक आर्यन इस साल कई फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल में कार्तिक 'दोस्ताना 2' से बाहर होने को लेकर सुर्खियों में बने हुए थे। धर्मा प्रोडक्शन ने इस फिल्म से कार्तिक को हटा दिया है। अब खबर सामने आ रही है कि 'दोस्ताना 2' के बाद कार्तिक के हाथ से एक और फिल्म निकल गई है। खबरों के अनुसार कार्तिक आर्यन ने सुपरहीरो फिल्म 'फैंटम' को क्रिएटिव डिफ्रेंसेज होने के कारण छोड़ दिया है। कार्तिक ने पहले इस फिल्म के लिए मौखिक तौर पर अपनी हामी भर दी थी। बताया जा रहा है कि अब उन्होंने इस फिल्म से बाहर होने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि कुछ ऐसी चीजें थीं जिसपर कार्तिक अपनी सहमति नहीं दे रहे थे। वसन बाला का अपना फिल्म बनाने का एक अलग स्टाइल है और उनकी फिल्में अनोखी होती हैं। इसके बावजूद उनका प्रोजेक्ट कमर्शियल नहीं होता। खबरों की मानें तो कार्तिक चाहते थे कि यह उनकी पहली सुपरहीरो फिल्म हो और इसे बड़े बजट में बनाया जाना चाहिए। कार्तिक कमर्शियल एक्शन के हिसाब से फिल्म का निर्माण करना चाहते थे। वहीं, वसन फिल्म को एक डॉर्क ह्यूमर तक रखने और एक खास ऑडियंस के लिए बनाना चाहते थे।



# मीरा चोपड़ा का छलका दर्द, बोलीं- कजिन प्रियंका चोपड़ा की वजह से नहीं मिला कोई काम

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मीरा चोपड़ा इन दिनों अपने एक बयान को लेकर चर्चा में छाई हुई हैं। मीरा बॉलीवुड और हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की चचेरी बहन हैं। हाल ही में बॉलीवुड में अपने असफल करियर को लेकर मीरा ने अपना दर्द बयां किया और प्रियंका को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। मीरा ने कहा, जब मैं इंडस्ट्री में आई तो चर्चा थी कि प्रियंका चोपड़ा की बहन आ रही हैं, लेकिन मुझे कभी भी प्रियंका की वजह से कोई काम नहीं मिला। मैंने सब अपनी मेहनत से पाया। उन्होंने कहा, अगर मुझे कभी किसी प्रोड्यूसर की जरुरत भी हुई तो उन्होंने मुझे कास्ट नहीं किया क्योंकि मैं प्रियंका चोपड़ा की बहन हूं। ईमानदारी से कहूं तो प्रियंका से रिश्ता होना मेरे करियर में कभी भी मददगार साबित नहीं हुआ। लोगों ने मुझे हल्के में नहीं लिया क्योंकि वे जानते थे कि मैं एक ऐसे परिवार से आ रही हूं, जो सिनेमा से वाकिफ थे। यही एकमात्र विशेषाधिकार मुझे मिला। मीरा ने कहा, प्रियंका से रिश्ता होने का बस एक यही फायदा मुझे मिला कि लोगों ने मुझे गंभीरता से लिया। इससे ज्यादा कुछ नहीं।



